उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद(यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 26823/10/2024–25
दिनांक :11 दिसंबर, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा छोटे सिविल एवं विद्युत कार्यों तथा मरम्मत एवं रखरखाव सम्बन्धी सिविल एवं विद्युत कार्यों के लिये अनुभवी एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों से दिनांक 26 दिसंबर, 2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक दो बोली प्रणाली में निविदायें आमान्त्रित की जाती हैं। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना परिषद (यूकॉस्ट) की वेबसाइट www.ucost.uk.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक निविदादाता विस्तृत निविदा सूचना को उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

महानिदेशक, यूकॉस्ट को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

प्रभारी–क्रय

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद(यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

खुली निविदा संख्याः– 26823/10/2024–25
दिनांक : 11 दिसंबर, 2024

# निविदा सूचना

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा संलग्न ऐनेक्जर–क में वर्णित विवरणानुसार छोटे सिविल एवं विद्युत कार्यों तथा मरम्मत एवं रखरखाव सम्बन्धी सिविल एवं विद्युत कार्यों हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों से दो बोली प्रणाली में (in two bid system) निम्नवर्णित नियमों और शर्तों (terms & condition) पर 02 वर्ष की अवधि हेतु, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है, मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं:–

1. सम्बन्धित निविदादाता केंद्रीय लोक निर्माण विभाग(CPWD), लोक निर्माण विभाग(PWD), सैन्य इंजीनियरिंग सेवा(MES) या अन्य केंद्रीय, राज्य सरकार या अन्य सरकारी विभागों/निकायों स्वायत्तशासी संस्थानों में छोटे निर्माण कार्यो या मरम्मत एवं रखरखाव सम्बन्धित कार्यो को करने हेतु न्यूनतम श्रेणी "डी" या उससे ऊपर की श्रेणी के रूप में पंजीकृत ठेकेदार होना चाहिये। सम्बन्धित पंजीकरण प्रमाणपत्र की स्वसत्यापित फोटो प्रतिलिपि तकनीकी बोली के साथ अवश्य लगायी जाय।

2. निविदादाता का पिछले 03 वित्तीय वर्षों, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 के दौरान औसत वार्षिक टर्न ओवर रू. 30,00,000 (रूपये तीस लाख मात्र) होना चाहिये और टर्न ओवर की चार्टर्ड अकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपियाँ तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जानी चाहियें।

3. निविदादाता का पिछले 03 वित्तीय वर्षों, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24 की आयकर निर्धारण आदेशों/आयकर रिटर्न्स की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें।

4. निविदादाता के पास सरकारी विभागों/निगमों/स्वायत्तशासी संस्थानों को सिविल एवं विद्युत कार्यों की सेवायें उपलब्ध कराने का अनुभव होना चाहिये। सम्बन्धित अनुभव प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें।

5. तकनीकी बोली के साथ रू. 60000 (रूपये साठ हजार मात्र) की बयाना राशि (**Earnest Money Deposit**) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से महानिदेशक, यूकॉस्ट, देहरादून के नाम से बने अकाउन्ट पेई डिमाण्ड ड्राफ्ट या पे आर्डर के रूप में तकनीकी बोली के साथ लगायी जाये। निविदा खुलने के बाद किसी भी शर्त का पालन न करने या अपनी निविदा का सम्मान न करने पर निविदादाता द्वारा जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी।

6. निविदादाता द्वारा अपनी तकनीकी बोली के साथ संलग्न प्रारूप शपथ पत्र पर रु10/– मूल्य के स्टाम पेपर पर नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथपत्र मूल रूप में संलग्न किया जाय।

7. निविदादाता द्वारा अपनी तकनीकी बोली के साथ न्यूनतम 5,00,000 (रूपये पांच लाख मात्र) का सौल्वेंसी प्रमाणपत्र (Solvency Cerificate) अवश्य संलग्न किया जाय।

8. सफल निविदादाता द्वारा प्रस्तावित कार्यों के निष्पादन हेतु उपलब्ध कराये गये उनके कार्मिक कार्यकुशल और व्यवहारकुशल होने चाहियें। उनमें से किसी भी कार्मिक के व्यवहार या कार्यकुशलता में कोई भी कमी पाये जाने पर उसे तुरंत बदलना होगा।

9. सफल निविदादाता द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्मिक सम्बन्धित ठेकेदार के कार्मिक होंगे और उनकी सुरक्षा या देय वेतन/भत्तों के भुगतान या अन्य सुविधाओं की सपूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। यूकॉस्ट की इस सम्बन्ध में कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

10. सम्बन्धित कार्यों को करने हेतु आवश्यक दस्तावेजों एवं मानवशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सफल निविदादाता की होगी।

11. नियम व शर्त (**term and condition**) संख्या '1' से '7' में वर्णित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ तकनीकी बोली के साथ संलग्न की जायें। ऐसा न करने पर तकनीकी बोली को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। तकनीकी बोली को एक सीलबन्द लिफाफे में रखा जाय जिस पर मोटे अक्षरों में ''छोटे सिविल एवं विद्युत कार्यों हेतु दिनॉक 26 दिसंबर, 2024 को खोले जाने वाली तकनीकी बोली'' लिखा जाय।

12. निविदादाता द्वारा अपनी वाणिज्यिक बोली (**commerial bid**) संलग्न ऐनेक्जर–क पर दी जायें, जिस के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता के हस्ताक्षर किये जायें और हस्ताक्षर के नीचे मोहर लगायी

जाय। वाणिज्यिक बोली को अलग सीलबन्द लिफाफे में, जिसके ऊपर मोटे अक्षरों में ''सिविल एवं विद्युत कार्यों की सेवायें उपलब्ध कराने हेतु वाणिज्यिक बोली'' लिखा जाय।

13. तकनीकी बोली और वाणिज्यिक बोली के लिफाफों को एक तीसरे सीलबन्द लिफाफे में जिस पर मोटे अक्षरों में ''सिविल एवं विद्युत कार्यों की सुविधाओं हेतु दिनांक 26 दिसंबर, 2024 को खुलने वाली निविदा'' लिखा हो, में रखकर रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाय।

14. निविदाओं को रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाय। अन्य किसी माध्यम से भेजी गयी निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

15. निविदादाताओं द्वारा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से भेजी गयी निविदायें दिनॉक 26 दिसंबर, 2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक पहुँच जानी चाहियें। प्राप्त निविदाओं के अन्तर्गत केवल तकनीकी बोलियाँ दिनॉकः 26 दिसंबर, 2024 को ही अपराह्न में 03:00 बजे निविदादाताओं के उपस्थित प्रतिनिधियों के सामने खोली जायेंगी। जिन निविदादाताओं की तकनीकी बोली उपयुक्त पायी जायेगी केवल उन्हीं निविदादाताओं की वाणिज्यिक बोली को बाद में खोला जायेगा। वाणिज्यिक बोली खोलने की तिथि सम्बन्धित निविदादाताओं को बाद में सूचित की जायेगी।

16. देरी से प्राप्त या बिलम्बित निविदाओं (**late or delayed tenders**) पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः निविदादाता अपनी निविदायें समय पर भेजना/पहुंचना सुनिष्चित करें।

17. सफल निविदादाता को धरोहर राशि के रूप में रू. 1,50,000/–(रूपये एक लाख पचास हजार मात्र) की राशि महानिदेशक, यूकॉस्ट के नाम से न्यूनतम 02 वर्ष के लिये बनी सावधि जमा रसीद (**Term Deposit Receipt**) के रूप में जमा करनी होगी। सफल निविदादाता द्वारा जारी अनुबन्ध की किसी भी शर्त का पालन न करने पर महानिदेशक को अपने विवेक से जमा धरोहर राशि को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप में जब्त करने का अधिकार होगा।

18. महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

संलग्नकः ऐनेक्जर–क

प्रभारी, क्रय

1. सिविल कार्य

ऐनेक्जर–क

| क्र.स. | मद | इकाई | मूल दर प्रति इकाई (रूपये में) | देय जी.एस.टी. (रूपये में) | जी.एस.टी. सहित दर प्रति इकाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भवन निर्माण कार्य - ईंट निर्माण कार्य | | | | |
| 2. | प्लास्टर का काम | | | | |
| 3. | कॉलम का कार्य | | | | |
| 4. | स्लैब कास्ट कार्य | | | | |
| 5. | स्टील का काम | | | | |
| 6. | फेब्रिकेशन का कार्य | | | | |
| 7. | दरवाजा और खिड़की का काम एमएस और लकड़ी, यूपीवीसी, सेकलोर गैल्वनाइज्ड स्टील खिड़की | | | | |
| 8. | एसएस रेलिंग कार्य | | | | |
| 9. | एमएस रेलिंग कार्य | | | | |
| 10. | सीढ़ियों की रेलिंग का कार्य | | | | |
| 11. | पत्थर एवं ग्रेनाइट का काम | | | | |
| 12. | टाइल लगाने का कार्य | | | | |
| 13. | फर्श का काम | | | | |
| 14. | सीसी रोड कार्य | | | | |
| 15. | इंटर लोकिंग टाइल्स का कार्य | | | | |
| 16. | मॉड्यूलर किचन का काम | | | | |
| 17. | व्यावसायिक रसोई कार्य | | | | |
| 18. | आंतरिक कार्य | | | | |
| 19. | ब्लाइंड्स (खिड़की) का कार्य | | | | |
| 20. | वॉलपेपर का काम | | | | |
| 21. | यूवी शीट का काम | | | | |
| 22. | पीवीसी फॉल्स सीलिंग का कार्य | | | | |
| 23. | पी० ओ० पी फॉल्स सीलिंग का काम | | | | |
| 24. | समस्त विद्युत कार्य | | | | |
| 25. | कीट नियंत्रण कार्य | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26. | एल्यूमीनियम कार्य विभाजन, दरवाजा और खिड़की | | | | |
| 27. | कार्यालय एवं फर्नीचर कार्य | | | | |
| 28. | बढ़ई का काम | | | | |
| 29. | सैनिट्री आइटम व कार्य | | | | |
| 30. | लकड़ी के फर्श का काम | | | | |
| 31. | कांच का काम | | | | |
| 32. | समस्त मरम्मत कार्य | | | | |
| 33. | बिल्डिंग के पेंट का कार्य | | | | |
| 34. | फ्लेक्स का कार्य | | | | |
| 35. | स्टेशनरी का कार्य | | | | |
| 36. | डिस्मैंटलिंग का कार्य | | | | |
| 37. | कांच फिल्म का काम | | | | |
| 38. | 2X2 ग्रिड सीलिंग कार्य | | | | |
| 39. | नमीरोधी कार्य | | | | |
| 40. | ऐक्रेलिक शीट का कार्य, फिक्सिंग अदि | | | | |
| 41. | ग्लोसाइन बोर्ड कार्य | | | | |
| 42. | ग्लेज़िंग कार्य | | | | |
| 43. | ए सी पी कार्य बाहरी | | | | |
| 44. | हल्की वजनी निर्माण स्टेनलेस स्टील संरचना | | | | |
| 45. | महत्वपूर्ण कागजात हेतु लॉकर सिस्टम | | | | |
| 46. | हार्डवेयर का कार्य | | | | |
| 47. | स्वचालित दरवाजा खोलने की मशीन एवं दरवाजा खोलने का कार्य | | | | |
| 48. | पानी और फैंसी फव्वारे | | | | |
| 49. | एमएस पाइप टीन शेड्स | | | | |
| 50. | पॉलीकार्बोनेट शीट शेड्स | | | | |
| 51. | प्री प्रिंटेड गैल्वेनाइज्ड स्टील विंडो | | | | |

## 2. विद्युत कार्य                                    ऐनेक्जर–क

| क्र.स. | मद | इकाई | मूल दर प्रति इकाई (रूपये में) | देय जी.एस.टी. (रूपये में) | जी.एस.टी. सहित दर प्रति इकाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पाइप 1 इंच हैवी | | | | |
| 2. | पाइप लाइट वेट | | | | |
| 3. | पाइप मध्यम | | | | |
| 4. | जुनचुन बॉक्स | | | | |
| 5. | बॉक्स मॉडल | | | | |
| 6. | बॉक्स 12 मॉडल | | | | |
| 7. | बॉक्स 8 मॉडल | | | | |
| 8. | बॉक्स 6मॉडल | | | | |
| 9. | बॉक्स 4 मॉडल | | | | |
| 10. | बॉक्स 3 मॉडल | | | | |
| 11. | बॉक्स 2 मॉडल | | | | |
| 12. | पाइप हुक | | | | |
| 13. | एम0सी0 बॉक्स | | | | |
| 14. | 18 मॉडल सहित | | | | |
| 15. | 12 मॉडल सहित | | | | |
| 16. | 8 मॉडल सहित | | | | |
| 17. | 6 मॉडल सहित | | | | |
| 18. | 4 मॉडल सहित | | | | |
| 19. | 3 मॉडल सहित | | | | |
| 20. | 6 एम्पेयर स्विच | | | | |
| 21. | 10 एम्पेयर स्विच | | | | |
| 22. | 16 एम्पेयर स्विच | | | | |
| 23. | टू वये स्विच | | | | |
| 24. | बेल स्विच | | | | |
| 25. | राउंड पोज | | | | |
| 26. | होल्डर | | | | |
| 27. | फैन सहित | | | | |
| 28. | एम0सी0बी0 | | | | |
| 29. | इंसुलेटर | | | | |
| 30. | रेगुलेटर | | | | |
| 31. | एल0ई0डी0 बल्ब | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 32. | टूयूव लाइट | | | | |
| 33. | कन्सील्ड लाइट | | | | |
| 34. | पैनल लाइट | | | | |
| 35. | प्रोजिल लाइट | | | | |
| 36. | स्टिक लाइट | | | | |
| 37. | वायर (1 एम0एम0) | | | | |
| 38. | वायर (1.5 एम0एम0) | | | | |
| 39. | वायर (2.5 एम0एम0) | | | | |
| 40. | वायर (4 एम0एम0) | | | | |
| 41. | वायर (6 एम0एम0) | | | | |
| 42. | वायर (10 एम0एम0) | | | | |
| 43. | वायर (0.75 एम0एम0) | | | | |
| 44. | टेप लाइट | | | | |
| 45. | मॉडुलर (एम.सी.बी.बी.) | | | | |
| 46. | 2 मॉडल सहित | | | | |

# “शपथ पत्र”

मैं श्री............................................................................ पुत्र श्री.................................................................. निवासी ग्राम................................................................ उत्तराखंड का रहने वाला हूँ। मैं शपर्थ पूर्वक निम्न बयान करता हूँः–

1. यह कि शपथकर्ता का आधार में अंकित नाम व पता सही व सत्य है।
2. यह कि शपथकर्ता द्वारा उत्तराखंड राज्य विज्ञानं एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) में छोटे सिविल/ इलेक्ट्रिकल कार्यो और मरम्मत एवं रखरखाव सम्बन्धी कार्यो के किये जाने हेतु जो भी प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किये गये हैं वे सभी सत्य एवं सही है।
3. यह कि यदि भविष्य में उक्त प्रमाण–पत्रों में कोई कमी पायी जाती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।
4. यह कि शपथकर्ता का जी०एस०टी० नं०.....................................(वस्तु एवं सेवा कर) एवं आधार नं०............................................................ सत्य व सही है।
5. कि हमारी फर्म............................................................. (पूरा नाम) कभी भी किसी भी सरकारी या अन्य विभाग द्वारा काली सूची में नहीं डाली गयी है या हमारे विरुद्ध कोई भी दण्डात्मक कर्यवाही नहीं की गयी है।

ह० शपथकर्ता

मैं उपरोक्त शपथकर्ता का दिनांक........................... को स्थान ...........................................में पुष्टि करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र के क्र०सं० 1 से 5 लिखे गये कथन मेरी जानकारी के अनुसार सत्य हैं।

ह० शपथकर्ता